NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

रेल वर्कर में प्रकाशनार्थ

दिनांक: 16.8.2019

डा0 एम. राघवैय्या जी

महामंत्री–एन.एफ.आई.आर.

नई दिल्ली

विषयः– भारत सरकार द्वारा श्रम कानूनो में संशोधन के विरूद्ध NCRES द्वारा दिनांक 2 अगस्त 2019 को इलाहाबाद जोन के तीनो मण्डलो में धरना, प्रदर्शन व सभायें।

महोदय,

नेशनल फेडरेशन आफ इंडियन रेलवेमेन (NFIR) के अह्वान पर व NCRES के महामंत्री श्री आर. पी. सिंह के निर्देश पर इलाहाबाद जोन के तीनो मण्डलो इलाहाबाद, झांसी और आगरा में भारत सरकार के मजदूर विरोधी रवैये व श्रम कानूनो को समाप्त करने, बदलाव करने एवं संशोधन करने के हठधर्मिता के विरोध में दिनांक 2 अगस्त 2019 को जोरदार धरना, प्रदर्शन, जुलूस एवं सभाओं का आयोजन किया गया व सरकार की मंशा से रेल मजदूरो को अवगत कराया गया।

इलाहाबाद मण्डल में श्री गोबिन्द सिंह, मण्डल मंत्री व मुख्यालय मण्डल में श्री एस. के. सिंह, मण्डल मंत्री के नेतृत्व में सभी शाखाओं द्वारा इलाहाबाद जंक्शन स्टेशन, हास्पिटल, ए.डी.ई.एन कार्यालय, सी.डी.ओ. आफिस, इलेक्ट्रिक कार्यालय, डी.आर.एम. आफिस, मुख्यालय, सी.एस.पी., सी.पी ओ.एच., यातायात लेखा कार्यालय, सी.पी.आर.ओ., निर्माण इंजीनियरिंग कार्यालयों में वाहन जुलूस एवं सभाओं के माध्यम से ट्रेड यूनियन के विरोध के बावजूद भी सरकार द्वारा किये जा रहे श्रम कानूनो में बदलाव के बारे में कर्मचारियों को अवगत कराया व आगाह किया किया कि यदि सरकार इसी तरह संगठित व असंगठित मजदूरो के हितो के विरूद्ध श्रम कानूनो में बदलाव पर अपने रवैये में परिवर्तन नही किया तो इसके गम्भीर परिणाम होने व देश का मजदूर जोरदार संघर्ष के लिये बाध्य होगा।

जुलूस, प्रदर्शन व सभाओ में श्री एस. के. मिश्र, केन्द्रीय उपाध्यक्ष, अखिलेश सिंह राठौर, संयुक्त महामंत्री, श्री सत्य नारायण, सहायक महासचिव, श्री आलोक सहगल, मण्डल उपाध्यक्ष, श्री सी. पी. शुक्ला, मण्डल कोषाध्यक्ष सहित शाखाओं के शाखा मंत्री सर्वश्री राजीव वर्मा, राकेश चौधरी, ए. के. पोद्दार, राम विनय सिंह, राज नारायण व शाखा अध्यक्ष श्री राजीव पाण्डेय, अनिल यादव, राम चन्द्र सहित सैकड़ो रेल कर्मियों ने भाग लेकर विरोध को सफल बनाया।

हेडक्वाटर में हेडक्वाटर के मंडल मंत्री श्री एस. के सिंह के नेतत्व में शाखा सचिव श्री राज नारायण, श्री राम विनय कुमार सिंह, श्री सुरेन्द्र तिवारी, सत्येन्द्र बहादुर सिंह, श्री आर. के. सिंह गौर, जकी हैदर समेत सैकड़ो रेल कर्मियों ने भाग लेकर जुलूस को सफल बनाया।

कानपुर की शाखाओं द्वारा श्री मान सिंह, मण्डल अध्यक्ष व श्री अरूण कुमार राय, मण्डल अध्यक्ष मुख्यालय के नेतृत्व में जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें शाखाओं के शाखा मंत्री श्री अनूप यादव, श्री रवि शंकर सिंह, सिराज अहमद, गोबिन्द रंजन, राजकुमार राय आदि की अगुवाई में रेल कर्मी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

टूण्डला की शाखाओं द्वारा एन.सी.आर.ई.एस. के अध्यक्ष श्री सैय्यद शकील हैदर के नेतृत्व में शाखा मंत्री श्री अशोक कुमार, एन. के. गुप्ता, जयपाल के साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस निकाल कर सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का जमकर विरोध किया। जुलूस के उपरान्त आयोजित सभा को श्री सैय्यद शकील हैदर द्वारा सम्बोधित किया गया व श्रम कानूनो में किये जा रहे बदलाव का पुरजोर विरोध किया। जुलूस–प्रदर्शन व सभाओं में श्री सचिन कुमार, एस. पी. सिंह, अजय लाल, ओ. पी. सागर, बी. के. गुप्ता, पंकज सक्सेना, मो. शमीम, दुर्गेश नन्दन, निरंजन लाल, नसीरूददीन, एस.सी. मिश्रा आदि लोगो ने भाग लिया।

इसी क्रम में झांसी मण्डल द्वारा श्री वी. जी. गौतम , मंडल मंत्री व श्री राम कुमार सिंह, मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में जुलूस व सभाओं का आयोजन कर सरकार की मंशा के बारे में रेल कर्मियों को अवगत कराया। धरना, प्रदर्शन व सभाओ में मुख्य रूप से सर्वश्री एस. एन. राय, सहायक महामंत्री, श्री बी. के. सिंह, श्री राजेश त्रिपाठी, श्री वी. पी. एस. चंदेल, श्री राजेश गुप्ता, श्री सुरेश कुमार राय, श्री टी.पी.सिंह, श्रीमती नीलम सिंह, कु0 सुनीता झा, श्रीमती सरिता दास, आदि समेत सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

आगरा मण्डल द्वारा श्री ए. के. दधीच, मण्डल मंत्री व श्री अक्षयकान्त शर्मा मण्डल अध्यक्ष की अगुवाई में सरकार की नीतियों को जमकर कोसा गया व कड़ी चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने मजदूर विरोधी श्रम कानूनो के संशोधनो पर अंकुश नही लगाया तो रेल कर्मी रेल का चक्का जाम करने से कतई गुरेज नही करेगे। प्रदर्शन में मुख्य रूप से श्री दीपक गोयल, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष, श्री सुरेन्द्र सिह, श्री जी. एस. शर्मा, श्री पी. के. सोनी, श्री विजेन्द्र मिश्र, दिगम्बर सिंह, सी.एच. सारस्वत, एदल सिंह, राजकुमार मौर्या, उत्तम कुमार, नारायण शर्मा, हरिओम भारद्वाज, घनश्याम मीना, प्रीतम सिंह, ए.के.शर्मा, दुलीचन्द, वाई. आर. शर्मा आदि समेत सैकड़ो रेल कर्मियों ने शिरकत किया व सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की।

सलग्नः– फोटो, पेपर कटिंग

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री